# भक्तों के बस तुम ही सहारे | By Gurmeet & Tripti Shakya |

जय हो जय हो गणपति
जय हो जय हो गणपति

भक्तों के बस तुम ही सहारे
हम हैं तेरे और तुम हो हमारे
तेरे चरणों की धूलि लगाऊँगी
तेरी महिमा के मैं गीत गाऊँगी

ओ गणपति तेरी महिमा है न्यारी
जाऊँ सदा तुझ पे बलिहारी
तेरे मंदिर में दीपक जलाऊँगा
तेरी मूरत को मन में बसाऊँगा

भक्तों के बस तुम ही सहारे
हम हैं तेरे और तुम हो हमारे

जाऊँ कहाँ मैं छोड़ के
तुझको ऐ शिव के लाल
तेरे बिना ये ज़िंदगी
बन गई मेरी सवाल

तेरे कदम जहाँ पड़े
खुशियाँ ही छा गई
भक्ति मिली मुझे तेरी
आनंद पा गई
आनंद पा गई

ओ गणपति तेरी महिमा है न्यारी
जाऊँ सदा तुझ पे बलिहारी

जय हो जय हो गणपति
जय हो जय हो गणपति

अपनी लगन से जो कोई
तुझको रिझा गया
सारी जहाँ की नेमतें
तुझसे वो पा गया

तेरी ही आरज़ू हमें
तेरा ही ध्यान है
बख्शो गुनाह तू मेरे
तुमको प्रणाम है
तुमको प्रणाम है
तुमको प्रणाम है

भक्तों के बस तुम ही सहारे
हम हैं तेरे और तुम हो हमारे
तेरे चरणों की धूलि लगाऊँगी

तेरी महिमा के मैं गीत गाऊँगी

ओ गणपति तेरी महिमा है न्यारी
जाऊँ सदा तुझ पे बलिहारी

भक्तों के बस तुम ही सहारे
हम हैं तेरे और तुम हो हमारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%b8-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-gurmeet/